-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **SPEL (Student Police Experiential Learning) Phase-2.0 का पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज अतर्रा में किया गया शुभारम्भ। द्वितीय चरण के अन्तर्गत चयनित 105 प्रशिक्षुओं को किया जायेगा प्रशिक्षित।**

विवरण- भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा श्रीमान् पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में SPEL Phase-2.0 (Student Police Experiential Learning) का शुभारम्भ नोडल अधीकारी श्री प्रवीण कुमार क्षेत्राधिकारी अतर्रा द्वारा आज दिनांक 05.01.2025 को पोस्ट ग्रेजुएट कालेज अतर्रा में स्नातक स्तर के छात्र/छात्राओं को अनुभवात्मक अधिगम के माध्यम से पुलिस की कार्यशैली, कार्य करने के वातावरण की आदि की जानकारी देने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डा0 श्री अनन्त कुमार त्रिपाठी व डा0 श्री विवेक त्रिपाठी तथा कुल 105 स्वयं सेवको को चयनित कर भारत युवा पोर्टल पर पंजीकरण कर पुलिस विभाग के द्वारा जारी इंटर्नशिप के लिये अप्लाई करवाया गया। इन्टर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत चयनित प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण बांदा पुलिस द्वारा कुल 05 थानो पर कराया जायेगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं उसके रूपरेखा के बारे मे बताते हुये यह भी बताया गया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रो के संज्ञानात्मक एवं लोक कौशल मे सुधार करना है बल्कि थानो पर प्रत्यक्ष रूप से जाकर अनुभव के माध्यम से पुलिस की कार्यप्रणाली, कार्य करने के दबाव, पुलिस कर्मचारियों के रहन सहन एवं अन्य वातावरण के बारे में जानकारी प्रदान करना है ताकि जनहित के लिये 24 घंटे तत्पर रहने के बावजूद भी पुलिस के संबंध मे कुछ नकारात्मक भ्रांतियों को आम जनता के मध्य सुधारा जा सके।